दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

NNI हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष www.nnindianews.com

वर्ष :06, अंक :-18, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 27वें दिन खत्म

### नड्डा ने जूस पिलाया; वांगचुक बोले- तीन मांगों पर सरकार से मिला लिखित आश्वासन

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक के खिलाफ 27 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक ने देर रात अपना अनशन खत्म कर दिया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचे, जहां नड्डा ने वांगचुक को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।

वांगचुक ने आज सुबह जारी वीडियो संदेश में कहा कि पिछले दो दिन से सरकार के साथ उनकी लगातार बातचीत चल रही थी। इस दौरान उनकी तीन प्रमुख मांगों पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से इन मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद उन्होंने भूख हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। वांगचुक ने बताया कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर सरकार ने कोई आश्वासन नहीं दिया है। उनके लिए सबसे अहम बात छात्रों पर कार्रवाई रुकवानी थी। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा इतना जरूरी नहीं था। वांगचुक के अनशन खत्म करने पर कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने खुशी जताई। हालांकि, उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक जंतर-मंतर पर आंदोलन जारी रहेगा।

> सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर केस दर्ज नहीं करने, पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही तय करने के मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने और आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजन को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया।
>
> **सोनम वांगचुक**

### कॉकरोच पार्टी और सरकार के बीच आज बातचीत

# प्रधान के इस्तीफे तक नहीं छोड़ेंगे जंतर-मंतर: सीजेपी



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी और सरकार के बीच कुछ देर में दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में दूसरी बार बातचीत होगी। इससे पहले 20 जुलाई को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के घर वार्ता हुई थी, जो बेनतीजा रही थी। इसके बाद सरकार ने कहा कि हमने 4 बार सीजेपी को बातचीत के लिए बुलाया पर वे नहीं आए। वहीं, उखढ ने कहा था कि हम बात करने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के घर नहीं जाएंगे, किसी न्यूट्रल वेन्यू पर बात हो। सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि सरकार हमारे दबाव में है इसलिए पीएम को रात 12:30 बजे वीडियो जारी करना पड़ा। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार देर रात वीडियो जारी कर कहा था कि सरकार पेपर लीक पर कानून लाएगी।

प्रदर्शन को देखते हुए आज सेंट्रल दिल्ली में राजीव चौक और लोक कल्याण मार्ग समेत 17 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए हैं। देर रात संसद मार्ग पर प्रदर्शनकारियों ने बैरिकैड्स तोड़े थे। सीजेपी ने आज देशभर में प्रदर्शन का ऐलान भी किया है। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को सभी रैंकों के पुलिस अधिकारियों की छुट्टी रद्द कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जंतर-मंतर पर हो रहे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया।

दिल्ली हाईकोर्ट आज जंतर-मंतर पर लगाए गए इंटरनेट बैन मामले पर सुनवाई करेगा। इसके अलावा प्रदर्शन स्थल पर लगातार निगरानी किए जाने को चुनौती देने वाली एक अन्य याचिका पर भी सुनवाई करेगी।

### पीएम का आधी रात वीडियो संदेश

## पेपर लीक पर कैबिनेट सख्त फैसला लेगी, जल्द बिल पास कराएंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार आधी रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान करने वाला कानून बनाएगी। पीएम ने बताया कि कैबिनेट में इससे जुड़े मसौदे पर आज चर्चा होगी और सख्त फैसले लिए जाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद इसे अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। साथ ही इसे जल्द पास कराने की कोशिश होगी। पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्रों, उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसलिए पेपर लीक से अब तक, पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए हैं। गुनहगारों को पकड़ा है, वे जेल में हैं। हमारी जिम्मेदारी थी कि छात्रों का साल बर्बाद न हो, इसलिए कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई को रिजल्ट भी आ गया।

### मिस्टर मोदी, प्रधान को हटाएं: राहुल

राहुल गांधी ने पर एक पोस्ट में इसे आधी रात का बेकार वीडियो बताया। उन्होंने लिखा- मिस्टर मोदी, हमारे छात्र धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। आधी रात के इस बेकार वीडियो से उनकी समझदारी का अपमान न करें। प्रधान को हटाएं, छात्रों को पीटने वालों को सजा दें और माफी मांगें। सीजेपी ने कहा है कि परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ सरकार जो सबसे सख्त कार्रवाई कर सकती है, वह केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को हटाना है।

### हंगामे के बाद लोकसभा 27 जुलाई तक स्थगित

## रिजिजू बोले- हम चर्चा को तैयार, सदन चलने दें; राहुल बोले- प्रधान के इस्तीफे तक कोई चर्चा नहीं



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- हम सदन में चर्चा को तैयार हैं। विपक्ष से अपील है कि सदन को चलने दें, राहुल गांधी अपने सांसदों को समझाएं।

राहुल गांधी ने कहा, जब तक प्रधान को हटाया नहीं जाता, हम कोई बातचीत या चर्चा नहीं करेंगे। रिजिजू ने बयान दिया कि वह हमारे सांसदों को बताना चाहते हैं कि चर्चा होनी चाहिए। सामान्य नियम यह है कि अगर कोई किसी का नाम लेता है, तो उसका जवाब दिया जाता है। जब मैं जवाब देना चाहता था, तो मेरा माइक बंद कर दिया गया। मुझे मौका नहीं दिया गया। उधर राहुल ने आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। मेरा माइक बंद कर दिया गया। विपक्षी सांसदों ने सदन में इस्तीफा-इस्तीफा के नारे लगाए। विपक्ष की मांग है कि, पीएम सदन में माफी मांगे और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाएं। हंगामे के बीच लोकसभा 27 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पीएम मोदी को सदन में बयान देना चाहिए, तभी हम उनकी बातों को सही मानेंगे। रात 12 बजे बयान जारी करने के बजाय उन्हें सदन में बोलना चाहिए। इधर, भाजपा ने व्हिप जारी कर शुक्रवार को संसद सत्र के दौरान एनडीए के सांसदों को सदन में मौजूद रहने को कहा है। दोपहर 1 बजे संसद में कैबिनेट की बैठक होगी। पीएम ने वीडियो मैसेज जारी कर कहा था कि, पेपर लीक में सजा से जुड़ा प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा।



# यूपी में उफान पर नदियां, गुजरात में बाढ़





**नई दिल्ली।** पूरे देश में मानसून की बारिश जारी है। दक्षिण गुजरात में भारी बारिश से कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। उमरगाम तालुका में 16 घंटों में 43 इंच बारिश हुई, जिससे निचले इलाके डूब गए हैं। शुक्रवार को राज्य के 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

यूपी में पिछले 10 दिनों से हो रही बारिश के चलते गंगा, यमुना समेत 10 नदियां उफान पर हैं। शुक्रवार को 54 जिलों में बारिश का अलर्ट है। असम में बाढ़ से 6.53 लाख लोग प्रभावित हैं। पटना, भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, सारण, वैशाली और सिवान समेत बिहार के 19 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। औरंगाबाद और बक्सर में गुरुवार को बिजली गिरने से 2-2 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, राजस्थान के बांसवाड़ा और डूंगरपुर समेत 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी है। मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को श्योपुर, मंदसौर, रतलाम, आलीराजपुर और पन्ना में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 24 घंटे के दौरान 4 इंच तक बारिश हो सकती है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का होने का अनुमान है।

## मुंबई-गुजरात हाईवे पर 40 किमी. का महाजाम, हजारों गाड़ियां फंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र और गुजरात में बीते कई दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे हालात बदतर हो गए हैं। महाराष्ट्र-गुजरात चेक पोस्ट के पास पिछले 72 घंटे से बारिश की वजह से हालात बेहद खराब हैं। जीरो कनेक्टिविटी की वजह से दोनों राज्यों के बीच संपर्क करना भी मुश्किल हो गया है। हालांकि कई जगहों पर राहत और बचाव दल के द्वारा रेस्क्यू अभियान भी चलाया जा रहा है। इस बीच आर्मी के जवान जो महाराष्ट्र से गुजरात की तरफ जा रहे थे, वह भी ट्रैफिक में फंस गए हैं। फिलहाल वापी चेक पोस्ट अभी भी बंद है।



वहीं मुंबई से गुजरात की तरफ जाने वाले एनएच-48 का हाल बेहाल है। यहां नेशनल हाईवे पर 35 से 40 किलोमीटर का लंबा जाम लगा हुआ है। ये गाड़ियां पिछले 2-3 दिनों से हाईवे पर जाम में फंसी हुई हैं। गाड़ियों को निकलने का रास्ता नहीं मिल पा रहा है, जिस वजह से जो जहां है वह वहीं पर रुका हुआ है। हालांकि कल रात से बारिश कम थी, लेकिन अब एक बार फिर से तेज बारिश शुरू हो गई है, जिससे आम लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। दूसरी तरफ भारी बारिश की वजह से रेल सेवाएं भी बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। दक्षिण गुजरात में रेलवे ट्रैक पर जलभराव के कारण गुरुवार को मुंबई जाने वाली 7 यात्री ट्रेनों को मध्य प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया।

## 'भारत-चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं, एक-दूसरे के पार्टनर हैं'

**मनीला।** फिलीपींस की राजधानी मनीला में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को 'प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार' और 'खतरा नहीं, बल्कि अवसर' के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने, बहुपक्षीय मंचों पर ने कहा कि कजान और तियानजिन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तालमेल बढ़ाने तथा व्यापार और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।



चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, वांग यी ने कहा कि कजान और तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई मुलाकातों ने भारत-चीन संबंधों को सुधार और विकास की सही दिशा दी है। उन्होंने कहा, 'भारत और चीन एक-दूसरे के लिए साझेदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं। दोनों देश एक-दूसरे के लिए अवसर हैं, खतरा नहीं। दोनों देशों के बीच संस्थागत स्तर पर बातचीत फिर से शुरू हुई है, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनी हुई है तथा द्विपक्षीय व्यापार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। ये उपलब्धियां आसानी से नहीं मिली हैं और इन्हें संभालकर रखना चाहिए।' वांग यी ने भारत और चीन को उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा ग्लोबल साउथ के महत्वपूर्ण देशों का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि दोनों देशों को लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## 1.70 लाख रुपये की रिश्वत लेते रेलवे के सीनियर डीएमएम रंगे हाथ गिरफ्तार

**वाराणसी।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बनारस रेल मंडल में बड़ी कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक नितेश अग्रवाल को 1.70 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, सीनियर डीएमएम नितेश अग्रवाल ने रेलवे में फर्नीचर सप्लाई करने वाले एक ठेकेदार से बिल पास करने और ठे-के के एवज में रिश्वत की मांग की थी। ठेकेदार ने इसकी शिकायत सीबीआई से की। शिकायत का सत्यापन करने के बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया और अधिकारी को रिश्वत की रकम लेते ही मौके पर दबोच लिया।

## राम मंदिरः संतों की बढ़ी सक्रियता, विपक्षी पार्टियों पर ट्रस्ट की छवि खराब करने का आरोप

**अयोध्या।** राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण को लेकर सियासी बयानबाजी तेज होने के बीच अब संत समाज खुलकर मैदान में उतर आया है। मणिराम दास छावनी में बृहस्पतिवार को हुई संतों की बैठक में विपक्ष की ओर से इस मुद्दे पर की जा रही राजनीति का जवाब देने की रणनीति बनाई गई। संतों ने आरोप लगाया कि कुछ राम विरोधी और सनातन विरोधी ताकतें इस प्रकरण को आधार बनाकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, संत समाज और राम मंदिर की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही हैं।

बैठक के बाद महंत वैदेही बल्लभ शरण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने निष्पक्ष जांच कराई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। उन्होंने कहा कि जो भी जांच में दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ आगे भी कार्रवाई होगी, लेकिन कुछ लोगों के कृत्य के आधार पर पूरे ट्रस्ट और संत समाज को कटघरे में खड़ा करना उचित नहीं है।

महंत मनीष दास ने कहा कि जिन्होंने चोरी की, उन्हें सजा मिल रही है। एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने से पहले किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग हमेशा अयोध्या और राम मंदिर को निशाने पर लेते रहे हैं, वही अब इस मामले को लेकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

## अमेरिका ने 60 देशों को दिया टैरिफ का झटका, भारत पर भी 10% एडिशनल टैक्स

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत और 16 अन्य देशों से खरीदे गए सामान पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका का कहना है कि यह कदम इन सामानों के प्रोडक्शन में जबरन मजदूरी के प्रयोग के मुद्दे पर उठाया गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने शुक्रवार को ट्रेड एक्ट के सेक्शन 301 के तहत 60 देशों पर नए टैरिफ का ऐलान किया। यह घोषणा तमाम देशों पर पहले से लगे 10 प्रतिशत



अतिरिक्त शुल्क के एक्सपायर होने के 1 दिन पहले की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर ही जेमिसन ग्रीर ने 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 301 के तहत 60 देशों पर टैरिफ लगाने का कदम उठाया है। ट्रंप प्रशासन के मुताबिक, यह एक्शन इसलिए लिया गया क्योंकि ये देश जबरन मजदूरी से बने सामान के इम्पोर्ट पर रोक लगाने और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने में फेल रहे। जान लें कि अमेरिका, भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर और निर्यात के लिए सबसे बड़ा डेस्टिनेशन है। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार करीब 141 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जिसमें भारत का निर्यात 87.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। ये भी बता दें कि भारत ने वरळफ की तरफ से शुरू की गई जांचों पर आपत्ति जताई है। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि इन मुद्दों पर उस द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतर्गत चर्चा की जा सकती है, जिस पर अभी भी बातचीत हो रही है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।**
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com **प्रबंधन समूह- नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल जॉली, प्रो पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी।**
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )


NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026


# गिरिराज जी के जयकारों से गूंज रही तलहटी

एनएनआई

**मथुरा।** धार्मिक आस्था और अटूट भक्ति का प्रतीक गोवर्धन का विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला गुरुवार से अत्यंत भव्यता के साथ शुरू हो गया है। 23 से 30 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस महामेले में इस वर्ष पिछले साल का भी रिकॉर्ड टूटने और करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी सरकार ने देश- विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सहूलियत के लिए बड़े पैमाने पर अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं।

मेला शुरू होते ही गोवर्धन की ओर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा है। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग पर हर तरफ 'राधे-राधे' के स्वर और 'गिरिराज धरण' के जयकारे गूंज रहे हैं। उमस और तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं की अगाध आस्था भारी पड़ रही है। भक्त दानघाटी पहुंचकर गिरिराज जी की पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक कर अपनी 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा शुरू कर रहे हैं। परिक्रमार्थियों को गर्मी से राहत देने के लिए मानसी गंगा पर फव्वारे भी लगाए गए हैं।








- गोवर्धन मुड़िया पूर्णिमा मेला शुरू, योगी सरकार ने किए भव्य इंतजाम
- 30 जुलाई तक चलेगा मेला, लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद
- अभेद्य सुरक्षा के लिए 9 सुपर जोन में बंटा मेला क्षेत्र, 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी
- सुगम आवागमन के लिए 1100 बसें, 6 विशेष ट्रेनें और 61 पार्किंग स्थल बनाए

योगी सरकार के सख्त निर्देशों पर पुलिस और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 9 सुपर जोन, 21 जोन और 62 सेक्टर में बांटा गया है। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए हर सेक्टर में अधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में चार हजार से अधिक पुलिसकर्मी मुस्तैद हैं और भीड़ नियंत्रण के लिए 150 बैरियर लगाए गए हैं। इसके अलावा, 6 स्थाई और 37 अस्थाई पुलिस चौकियां बनाई गई हैं।

मेले की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। भीड़ पर लगातार नजर रखने के लिए 31 स्थानों पर वॉच टावर बनाए गए हैं और पूरे मेला क्षेत्र में 183 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं, दिशा-निर्देश और यातायात संबंधी जानकारी देने के लिए 350 पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए 61 स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। परिवहन की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा 23 से 31 जुलाई तक 6 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। साथ ही मथुरा जंक्शन पर आधा दर्जन ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव सुनिश्चित किया गया है और प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं। उत्तर प्रदेश रोडवेज ने भी 1100 बसों का संचालन शुरू किया है, जिनमें 100 बसें आगरा में रिजर्व रखा गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। गोवर्धन और आसपास के प्रमुख स्थलों पर 23 अस्थायी चिकित्सा केंद्रों पर 50 से अधिक टीमें तैनात की गई हैं, जो दो पालियों सुबह 8 से रात 8 और रात 8 से सुबह 8 में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं देंगी।

मेले की रौनक बढ़ाने के लिए प्रमुख दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद मंदिर और जतीपुरा मुखारविंद मंदिर को दूधिया रोशनी और रंग- बिरंगी झालरों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठाया था, तभी से इसे 'गिरिराज जी' के नाम से पूजा जाता है। मान्यता है कि 21 किलोमीटर की इस पवित्र परिक्रमा को करने से जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अपार जन आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार ने बीते 9 वर्षों में गोवर्धन में विकास कार्यों और पर्यटन सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार किया है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से संपूर्ण परिक्रमा मार्ग का सुंदरीकरण, सड़कों का चौड़ीकरण और अतिक्रमण मुक्त मार्ग सुनिश्चित किया गया है। कुसुम सरोवर का जीर्णोद्धार कर वहां आकर्षक लेजर शो की शुरुआत की गई है, मानसी गंगा के घाटों का कायाकल्प हुआ है और जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक विश्रामालय, पेयजल व्यवस्था और हाई-टेक शौचालय बनाए गए हैं। योगी सरकार के निरंतर प्रयासों ने गोवर्धन को एक विश्वस्तरीय और सुगम तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित कर दिया है।

# साहिबाबाद हादसे के बाद आज भी कई पैसेंजर ट्रेनें रद्द

## फिरोजाबाद में ट्रैक बहाली और विकास कार्यों से रेल संचालन प्रभावित

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने के बाद रेल यातायात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हो सका है। ट्रैक बहाली का काम जारी रहने के कारण शुक्रवार को भी कई पैसेंजर ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इसके अलावा पश्चिम रेलवे और आसनसोल मंडल में चल रहे विकास कार्यों के चलते भी कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। कुछ ट्रेनें रद्द की गई हैं, जबकि कई के मार्ग और समय में बदलाव किया गया है।



प्रयागराज मंडल की जनसंपर्क अधिकारी रागिनी सिंह ने बताया कि सोमवार रात साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास कोयले से लदी मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस हादसे के बाद टूंडला-दिल्ली रेलखंड पर रेल संचालन प्रभावित हो गया। ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य लगातार जारी है, जिसके कारण कई ट्रेनों का संचालन बाधित है।

रेलवे के अनुसार, ट्रैक बहाली कार्य के चलते शुक्रवार को नई दिल्ली-कोसीकलां पैसेंजर, पलवल-आगरा कैंट पैसेंजर और गाजियाबाद-टूंडला पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। इन ट्रेनों के निरस्त होने से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और नौकरीपेशा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि आसनसोल मंडल के सुगमा स्टेशन पर प्री-एनआई और एनआई कार्य तथा पश्चिम रेलवे के आलियाबाडा-हापा-जामनगर रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के कारण भी कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है।

इन कार्यों के चलते कोलकाता-आगरा कैंट स्पेशल (24 सितंबर) और आगरा कैंट-कोलकाता स्पेशल (26 सितंबर) निरस्त रहेंगी। वहीं सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस और अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस 23 से 26 सितंबर तक परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएंगी।

रेलवे के अनुसार, ओखा-बनारस एक्सप्रेस 30 जुलाई को अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 35 मिनट की देरी से रवाना होगी। वहीं ओखा-गुवाहाटी एक्सप्रेस 31 जुलाई को 4 घंटे और 7 अगस्त को 8 घंटे की देरी से चलेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा पर निकलने से पहले अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप या हेल्पलाइन के माध्यम से अवश्य जांच लें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

# हाथरस में बहुचर्चित प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में एक और गिरफ्तारी

एनएनआई

**हाथरस।** बहुचर्चित प्रॉपर्टी डीलर वेद प्रकाश शर्मा उर्फ सोनू हत्याकांड में पुलिस ने गुरुवार शाम पांच बजे के लगभग एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 18 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इससे पहले 17 आरोपियों को पकड़ा जा चुका था। प्रॉपर्टी डीलर की हत्या इस साल 6 अप्रैल को की गई थी।

मृतक की बहन नीतू शर्मा पत्नी मुकेश कुमार शर्मा निवासी जीवनी मंडी, थाना छत्ता, आगरा ने थाना सहपऊ में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके भाई वेद प्रकाश शर्मा उर्फ सोनू की हत्या मकान हड़पने की नीयत से की गई थी। बेहद निर्मम तरीके से उसकी हत्या की गई थी और यह मामला काफी चर्चित रहा था। पुलिस ने इस मामले में कुछ अभियुक्तों को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया था। प्रारंभिक सूचना के आधार पर सहपऊ थाने में मामला दर्ज किया गया था, लेकिन विवेचना के दौरान घटनास्थल कोतवाली नगर क्षेत्र का पाए जाने पर केस कोतवाली हाथरस स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना को गंभीरता से लिया था। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना पुलिस, एसओजी और एंटी-थेफ्ट सहित पांच टीमों का गठन किया था। इसी क्रम में, कोतवाली सदर पुलिस ने वेद प्रकाश शर्मा की हत्या के आरोप में पवन कुमार उर्फ हनुमान पुत्र जानकी प्रसाद को गिरफ्तार किया है।



# वन विभाग की टीम ने सैंया से चार तस्करों को पकड़ा, कब्जे से दस तेंदुए की खाल बरामद

एनएनआई

**सैंया।** थाना सैंया अंतर्गत आगरा ग्वालियर हाईवे स्थित एक होटल से वन विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए चार तस्करों को पकड़ा है। तस्करों के कब्जे से दस तेंदुओं की खाल बरामद हुई है।

गुरुवार शाम करीब 7: 30 बजे मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने थाना सैंया के आगरा ग्वालियर हाईवे स्थित एक होटल में बैठे चार आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपीयों के कब्जे से दस तेंदुए की खाल व सिर बरामद किया है।

वन रेंजर खेरागढ़ सम्यक सिंह केन व विशाल सिंह रेंजर फतेहाबाद ने टीम के साथ तस्करों को पकड़ने के प्रयास में लगी हुई थी। गुरुवार शाम को मुखबिर की सूचना पर उक्त लोगों को पकड़ लिया। ततपश्चात सैंया पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तस्करों व बरामद समान को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपियों उक्त आरोपियों ने बताया कि तेंदुए की खाल को शिवपुरी मध्यप्रदेश से लेकर आते हैं। तथा इसको दिल्ली, हरियाणा आदि अन्य राज्यों में बेचते हैं।

# पीएनबी मैनेजर से 2.20 करोड़ ठगी, केस दर्ज

## प्लॉट देने के नाम पर रुपए लिए, बैनामा नहीं कराया

एनएनआई

आगरा। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में मंडलीय शाखा के प्रबंधक दंपती से प्लॉट बेचने के नाम पर 2.20 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बैनामे के दिन विक्रेता पक्ष नहीं पहुंचा और बाद में रकम लौटाने से इनकार करते हुए एक करोड़ रुपए की अतिरिक्त मांग की। विरोध करने पर धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने जांच के बाद थाना जगदीशपुरा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, ओल्ड ईदगाह कॉलोनी निवासी शिंकी हांडा ने शिकायत में बताया कि वह और उनके पति पंजाब नेशनल बैंक में प्रबंधक हैं। उन्होंने सेक्टर-1 निवासी प्रहलाद कुमार प्रजापति और भीकम सिंह से 305 वर्गमीटर का प्लॉट 2.20 करोड़ रुपए में खरीदने का सौदा किया था।

शिकायत के मुताबिक, सौदे के तहत 10 लाख रुपए नकद और चेक से दिए गए। प्लॉट एक फाइनेंस कंपनी में बंधक था, इसलिए उसे मुक्त कराने के लिए 29 मई को 99-99 लाख रुपए के दो डिमांड ड्राफ्ट फाइनेंस कंपनी के नाम जारी कराए गए। इसके अलावा 8 लाख रुपए और दिए गए तथा 14.40 लाख रुपए स्टांप शुल्क के रूप में जमा किए गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि 10 जुलाई को तहसील में बैनामा होना था, लेकिन आरोपी वहां नहीं पहुंचे। फोन करने पर उन्होंने रकम देने से इनकार कर दिया। जब पीड़ित उनके घर पहुंचे तो गाली-गलौज की गई। आरोप है कि आरोपी के बेटे ने तमंचा दिखाकर धमकाया और एक करोड़ रुपए अतिरिक्त देने की मांग की।

डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद थाना जगदीशपुरा में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों पक्षों के बयान लिए जाएंगे। जांच में आरोप सही पाए जाने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 50 करोड़ की ठगी का आरोपी अरेस्ट

आगरा पुलिस ने करीब 50 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार आरोपी आशीष वशिष्ठ के बारे में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, उसने दो साल पहले राजपत्र के जरिए अपना नाम बदलकर आरव वशिष्ठ कर लिया था और इसी नाम से नया आधार कार्ड भी बनवा लिया था। पुलिस का कहना है कि इसी वजह से वह लंबे समय तक गिरफ्तारी से बचा रहा। साइबर क्राइम पुलिस के अनुसार, आशीष वशिष्ठ और उसके साथी रजत को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया कि दोनों दिल्ली, गाजियाबाद समेत कई राज्यों के साइबर अपराधियों के संपर्क में थे।

# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए तीन शातिर

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र की ट्रांस यमुना कॉलोनी में शातिरों ने घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर ली। वारदात देर रात हुई और पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक चोरी की वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं।



ट्रांस यमुना कॉलोनी सी-ब्लॉक निवासी उपेंद्र सिंह पुत्र जयराज सिंह ने बताया कि 21 जुलाई की रात करीब 1:30 बजे उन्होंने अपनी काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (यूपी-80 ए-4280) घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद जब घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई तो पता चला कि बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवक आए और कुछ ही मिनटों में उनकी बाइक चोरी कर फरार हो गए। थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। चोरों की तलाश जारी है।

### एक्सीडेंट में महिला की दर्दनाक मौत

**आगरा** एनएनआई। बेटे की शादी के पांच माह बाद जात करने दरगाह जा रही महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। महिला की मौत हो गई।

फिरोजाबाद जनपद के कनवाड़ा निवासी पुष्पा देवी गुरुवार सुबह अपने बेटे अतुल और बहू के साथ जात करने खेरिया मोड़ स्थित दरगाह जाने के लिए आगरा आई हुई थीं। गल्ला मंडी के सामने वह फल खरीदने के लिए रुके। 25 वर्षीय बेटा अतुल फल लेने हाईवे के सामने पहुंच गया। 55 वर्षीय पुष्पा देवी अपनी बहु के साथ हाईवे किनारे खड़ी हुई थीं। उसी समय लखनऊ नंबर की एक्सयूवी कार तेज रफ्तार से निकली और किनारे खड़ी पुष्पा देवी को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को एसएन भेजा। यहां महिला ने दम तोड़ दिया।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# आगरा कॉलेज के प्रधानाचार्य के नियुक्ति आदेश पर रोक

एनएनआई

**आगरा।** आगरा कॉलेज के प्राचार्य पद पर हुई प्रो. सीके गौतम के नियुक्ति के संबंध में जारी आदेशों पर कोर्ट ने रोक लगा दी। पूर्व प्राचार्य प्रो. अनुराग शुक्ला की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश जारी किए। कोर्ट ने प्रो. सीके गौतम की नियुक्ति और तैनाती के संबंध में आयोग और प्रबंध समिति की ओर से जारी आदेशों पर रोक लगा दी। मामले में अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी।कॉलेज प्राचार्य पद से हटाए गए प्रो. अनुराग शुक्ला ने कोर्ट में विशेष अपील दायर की थी। इस पर 21 जुलाई को न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति स्वरूपामा चतुर्वेदी की पीठ ने सुनवाई करते हुए 12 मार्च, 19 मार्च और 21 मार्च 2025 में जारी नियुक्ति संबंधी आदेशों के क्रियान्वयन पर स्टे लगा दिया है। 12 मार्च 2025 को उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रो. सीके गौतम का परिणाम जारी किया। 19 मार्च को आगरा कॉलेज में नियुक्त के आदेश जारी किए गए और 21 मार्च को आगरा कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष तत्कालीन मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह के आदेश के बाद प्रो. सीके गौतम को स्थायी प्राचार्य नियुक्त किया गया था। प्राचार्य प्रो. सीके गौतम के अनुसार इस मामले में पहले कोर्ट उनके पक्ष में फैसला सुना चुका है। कोर्ट में अपना पक्ष रखा जाएगा। वहीं कोर्ट के आदेश के बाद डॉ. अनुराग शुक्ला की ओर से प्रबंध समिति अध्यक्ष, मंडलायुक्त को पत्र लिखा गया है। इसमें प्रो. सीके गौतम को हटाकर वरिष्ठतम शिक्षक प्रो. आरके श्रीवास्तव को कार्यवाहक प्राचार्य बनाने की मांग की है।

# बीच सड़क बंद हो गई एम्बुलेंस

एनएनआई

**आगरा।** शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल तस्वीर सामने आई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गंभीर मरीज को लेकर जा रही एक प्राइवेट एम्बुलेंस बीच सड़क पर अचानक बंद हो जाती है। इसके बाद मरीज के तीमारदार एम्बुलेंस को धक्का लगाकर आगे बढ़ाने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो गुरुवार शाम का है और टेढ़ी बगिया से रामबाग जाने वाले मार्ग का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एम्बुलेंस के रुकते ही मरीज के परिजन और साथ मौजूद लोग उसे धक्का लगाने लगते हैं, जबकि अंदर गंभीर हालत में मरीज मौजूद है। इसी दौरान किसी राहगीर ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। घटना ने शहर की स्वास्थ्य सेवाओं और निजी एम्बुलेंस



संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि मरीज की हालत ज्यादा नाजुक होती तो कुछ मिनटों की यह देरी भी उसकी जान पर भारी पड़ सकती थी। वायरल वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है और एम्बुलेंस की तकनीकी स्थिति तथा संचालन व्यवस्था की जांच की मांग उठ रही है। हालांकि, वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही यह स्पष्ट हो सका है कि मरीज की हालत बाद में कैसी रही। प्रशासन की ओर से भी इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। एआरटीओ विनय सिंह ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि वीडियो के आधार पर एम्बुलेंस की पहचान कराई जा रही है। इस प्रकार की गंभीर लापरवाही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर ऐसे वाहनों और उनके चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। एम्बुलेंस के नम्बर के आधार पर मामले में आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता
हमारा धर्म
निष्पक्षता
हमारी पहचान

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026



# अशोक कुमार गोयल बने राजा जनक और लता गोयल होंगी रानी सुनयना

## भावना एस्टेट परिसर से गूंजा जनकपुरी महोत्सव का शंखनाद

- वैदिक हवन के साथ जनकपुरी महोत्सव 2026 के केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ
- विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने किया उद्घाटन; भव्य आयोजन के लिए कार्यकारिणी घोषित, राणा सुशील सिंह बने मीडिया प्रभारी



एनएनआई

**आगरा।** उत्तर भारत के सबसे प्रतिष्ठित और भव्य धार्मिक आयोजनों में शामिल श्री जनकपुरी महोत्सव 2026 का विधिवत श्री गणेश भावना एस्टेट आवासीय परिसर में स्थित क्लब हाउस में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ महोत्सव के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया । इसी अवसर पर एकेजी ग्रुप के प्रमुख अशोक कुमार गोयल को राजा जनक तथा उनकी धर्मपत्नी लता गोयल को रानी सुनयना के स्वरूप के रूप में घोषित किया गया। समारोह में जनकपुरी महोत्सव की कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई तथा आयोजन को ऐतिहासिक, दिव्य और भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया गया । वैदिक रीति के अनुसार जनकपुरी महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार (राजू यादव) ने पत्नी अनीता यादव के साथ हवन पूर्ण किया । इसके पश्चात श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने फीता काटकर जनकपुरी महोत्सव 2026 के केंद्रीय कार्यालय का उद्घघाटन किया । अपने संबोधन में विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि पहली बार भावना एस्टेट क्षेत्र को उत्तर भारत के सबसे प्रसिद्ध और भव्य धार्मिक आयोजनों में शामिल जनकपुरी महोत्सव की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ है । प्रभु श्रीराम और माता सीता के पावन विवाह प्रसंग से जुड़ा यह आयोजन क्षेत्र के विकास, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बनेगा । उन्होंने कहा कि यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों में भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा और गौरव का भाव जागृत करेगा।

इस अवसर पर जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति 2026 की ओर से राजा सिंह चौहान, जी.पी. सिंह, रामचंद्र राणा, आर.डी. सारस्वत, नीरज मिश्रा, अरुण गुप्त, दीपक माहेश्वरी, नरेंद्र शर्मा, धीरज कुमार शर्मा, लोकेंद्र कुमार संत, नरेंद्र सेंगर, अनुज, जी.पी. अग्रवाल, विश्वनाथ जुनेजा, निमित्त पोरवाल , अखिलेश दुबे, डॉ. गजेंद्र सिंह तोमर, नरेश सिंह जादौन, ऋषि खंडेलवाल, प्रभाकर शर्मा, सत्यवीर सिंह, अभिनव (शिवा) यादव, ठाकुर सतीश जादौन, क्षेत्रीय पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी, साहूकार उपाध्याय, राजकुमार खत्री, डॉ. शीतल अग्रवाल, सचिन जैन, तिलक राज अरोड़ा, सुनील पाठक, डॉ. अनुराधा चौहान, भोले शंकर चौहान, बृजभूषण मिश्रा, हेमंत जादौन सहित श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ताराचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल पोली भाई, मुकेश जौहरी, विजय गोयल, संजय तिवारी, जगदीश बागला, अंजुल बंसल (कोऑर्डिनेटर), रमेश शर्मा (उपमंत्री), महेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल (सहायक मंत्री), राहुल गौतम (मीडिया प्रभारी) एवं आनंद मंगल (कोऑर्डिनेटर) आदि उपस्थित रहे।

# महाहवन, पूणार्हुति एवं प्रसादी के साथ श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

- विश्व शांति और जनकल्याण की कामना के साथ नौ दिवसीय सप्तचंडी पाठ महायज्ञ का पूणार्हुति हवन संपन्न



एनएनआई

**आगरा।** आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर सूर्यसुता फाउंडेशन द्वारा खंदारी हनुमान चौराहा स्थित नालंदा प्राइड में आयोजित नौ दिवसीय सप्तचंडी पाठ महायज्ञ का समापन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दुर्गा सप्तशती के दशांश महाहवन, पूणार्हुति एवं प्रसादी वितरण के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। महायज्ञ के दौरान विद्वान आचार्यों द्वारा नौ दिनों में दुर्गा सप्तशती का 100 बार संपुटित पाठ कर विश्व शांति, राष्ट्र की उन्नति तथा समस्त मानव समाज के सुख-समृद्धि की कामना की गई।

योगी आलोक नाथ (बागेश्वर धाम) ने कहा कि दुर्गा सप्तशती केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदिशक्ति का साक्षात स्वरूप है। गुप्त नवरात्रि में संपुटित सप्तचंडी पाठ और यज्ञ से व्यक्ति के भीतर आत्मबल, सकारात्मक ऊर्जा और धर्म के प्रति आस्था का जागरण होता है। उन्होंने कहा कि जब सामूहिक रूप से मां भगवती का स्मरण किया जाता है, तो उसका शुभ प्रभाव पूरे समाज और राष्ट्र पर पड़ता है। विश्व में शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की कामना से यह महायज्ञ संपन्न कराया गया है।

सूर्यसुता फाउंडेशन के सचिव पुष्कल गुप्ता ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और वैदिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाना भी है। गुप्त नवरात्रि के इस नौ दिवसीय सप्तचंडी पाठ महायज्ञ में श्रद्धालुओं की अपार आस्था और सहयोग ने आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि मां भगवती की कृपा से यह महायज्ञ निर्विघ्न संपन्न हुआ और सभी श्रद्धालुओं ने पूणार्हुति एवं प्रसादी में सहभागी होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर कैलाश महादेव मंदिर के महंत निर्मल गिरी, गुरु का ताल गुरुद्वारा के बाबा अमरीक सिंह, योगी निर्भय नाथ, अनुज उपाध्याय, अजय राजोरिया, राजदीप ग्रोवर, डॉ दीपेश उपाध्याय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कीर्ति जी आदि उपस्थित रहे।

# आचार्यश्री सौभाग्यसागर महाराज ससंघ पहुंचे कमला नगर जैन मंदिर

## कमला नगर जैन समाज ने किया भव्य स्वागत



**आगरा (एनएनआई)।** परम्पराचार्य आचार्य श्री सौभाग्यसागर महाराज एवं परम पूज्य स्थविर संत आचार्य श्री सुरत्नसागराचार्य महाराज ससंघ का बैण्ड बाजों के साथ श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर डी. ब्लॉक, कमला नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मंगल प्रवेश के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदविहार में शामिल हुए और पूरे मार्ग में धर्म जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। विभिन्न स्थानों पर समाजजनों ने आचार्यश्री का भावपूर्ण स्वागत एवं वंदन किया। मंदिर परिसर पहुंचने पर आचार्यसंघ ने मंदिर में विराजमान सभी प्रतिमाओं के दर्शन किऐ तो वहीं आचार्यश्री ने भक्तों को मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति है ।उन्होंने समाज को आपसी प्रेम,एकता और धार्मिक संस्कारों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर समाज के प्रमुख रूप से मनोज जैन बाकलीवाल,जगदीश प्रसाद जैन,पवन जैन,कुमार मंगलम जैन, नरेश जैन,शुभम- जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# छात्रों को सीपीआर का प्रशिक्षण दे बनाया जीवन रक्षक

- सीपीआर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**आगरा (एनएनआई)।** एनसीसी आर्मी विंग आगरा कॉलेज एवं इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा आगरा कॉलेज के ऑडिटोरियम में छात्रों के लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा नागरिकों को आकस्मिक हृदयाघात के समय जीवन बचाने के लिए सटीक शारीरिक कौशल से लैस करना है। मुख्य चिकित्सा प्रशिक्षक प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील अग्रवाल ने 'मिनीकिन्स' पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। केवल सैद्धांतिक ज्ञान देने के बजाय, इस 90 मिनट के सत्र में लाइव प्रदर्शन के साथ-साथ व्यावहारिक अभ्यास कराया। उन्होंने छात्रों को मिनीकिन्स (विशेष सीपीआर प्रशिक्षण पुतलों) पर सीधे चेस्ट कंप्रेशन (छाती दबाना) और सांस देने की तकनीकों का अभ्यास कराया, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक आपातकालीन स्थिति से निपटने का आत्मविश्वास और सही तरीका आ सके। आईएपी सीपीआर की स्टेट कॉर्डिनेटर डा सोनिया भट्ट ने सार्वजनिक सीपीआर कौशल की तत्काल आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण भारत के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है, जहां केवल 2% से भी कम आबादी सीपीआर करना जानती है। लगभग 80% से 82% हृदयाघात अस्पताल के बाहर होते हैं, जिससे आम नागरिक ही पहले उत्तरदाता बन जाते हैं। इस अवसर पर प्रो आरके श्रीवास्तव, प्रो संचिता सिंह, प्रो कल्पना चतुर्वेदी, प्रो आशीष कुमार, डा रंजीत, डॉ अश्विनी शर्मा, डा हरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीसी आर्मी विंग, एयर विंग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, एनएसएस आदि के विद्यार्थि उपस्थित रहे।

# कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट-मीट का सफल आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** सोसाइटी आफ इनवेसिव एंड नॉन-इनवेसिव कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट उत्तर प्रदेश टीम द्वारा एक दिवसीय कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट मीट-2026 का आयोजन आगरा स्थित होटल भावना क्लार्क इन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वैज्ञानिक बैठक में समूचे उत्तर प्रदेश के बड़ी संख्या में कैथ लैब एवं कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट उपस्थित हुए। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री इंद्रजीत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भोपाल से सोसाइटी ऑफ इनवेसिव एंड नॉनइनवेसिव कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट के संस्थापक श्री सर्वेश जोशी एवं सह-संस्थापक श्री हेमेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ उत्तर प्रदेश से श्री रज्जन सिंह यादव, श्री जगदीश चंद्र शर्मा, श्री मुकेश शर्मा और श्री देवेन्द्र ढ़ल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सहभागिता की। श्री सर्वेश जोशी एवं श्री हेमेंद्र शर्मा ने संस्था की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट समुदाय के विकास में सोसाइटी ऑफ इनवेसिव एंड नॉनइनवेसिव कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वैज्ञानिक सत्र में डॉ. सुवीर गुप्ता ने कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी में ड्रग कोटेड -बैलून (ड्रग-कोटेड बैलून) की उपयोगिता विषय पर व्याख्यान दिया। वहीं कंपनी प्रतिनिधि द्वारा माइक्रो कैथेटर हार्डवेयर के नेविगेशन से संबंधित नवीन तकनीकों एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में डॉ. दीपक अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।





# सत्य की कलम असल की कलम

## न्यूज नेक्स्ट इंडिया ने पिछले 5 साल में शोर नहीं मचाया। काम किया है।



पिछले पांच वर्ष में **न्यूज नेक्स्ट इंडिया** ने जमीनी पत्रकारिता को अपनी पहचान बनाया है। जनसरोकार के हर मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए **न्यूज नेक्स्ट इंडिया** ने सत्यता और निष्पक्षता को सर्वोपरि रखा। जनहित अभियानों में भी अहम भूमिका निभाई। अपनी बेबाक, निडर और सच्चाई की छवि के दम पर प्रिंट, पोर्टल व सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों लोगों तक पहुंच बनाई है। **न्यूज नेक्स्ट इंडिया** की सबसे बड़ी खासियत रही है बिना दबाव निष्पक्ष खबर और युवा पत्रकारों को मंच देना।










































# समाज को आइना दिखाने वाले कलमकारों के साहस को सलाम !

## न्यूज नेक्स्ट इण्डिया ने कलम के योद्धाओं का सम्मान कर बढ़ाया हौसला



एनएनआई

**आगरा।** मीडिया समाज और प्रशासन का आईना होता है। आईने में दिखी दरार को देखकर ही सरकार और प्रशासन समाज को विकास के पथ पर ले जाते हैं। इसी भूमिका के कारण मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। सफलता के 5 वर्ष पूरे कर छठवें वर्ष में प्रवेश करने वाले न्यूज नेक्स्ट इंडिया ने इसी जिम्मेदारी को सम्मानित किया। फतेहाबाद रोड स्थित ऐवलोन पाम होटल में आयोजित समारोह मे जिले के कर्मठ, निडर और जमीनी पत्रकारों को 'कलम योद्धा सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम में न्यूज नेक्स्ट इंडिया के निदेशकगण, प्रधान संपादक और वरिष्ठ पत्रकारों ने कलमकारों की हौसला अफजाई की। शहर के गणमान्य नागरिक, अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

ब्रजेश सिंह सिकरवार, प्रबंध निदेशक ने कहा कि मीडिया को चाहिए कि वह किसी भी समस्या का विश्लेषण करते समय हर दृष्टिकोण रखे। कुछ समस्याएं सिर्फ प्रशासन की नजर में आने से ही दूर नहीं हो पाती हैं। समस्याओं का निदान जनहित में तुरंत जरूरी होता है। आज हमने उन्हीं कलम के योद्धाओं को सम्मानित किया है जो बिना डरे सच लिखते हैं।

स्वतंत्र कुमार सुनील चैयरमैन ने कहा कि नकारात्मक रिपोर्टिंग तभी करें जब वो समाज के लिए जरूरी हो। हमारा मकसद समाज में सकारात्मक सोच का विकास करना है। आज के दौर में पत्रकारिता बेहद जोखिम भरी है, लेकिन समाज हित में अच्छी भूमिका निभाना ही असली पत्रकारिता है। सम्मान पाकर न्यूज नेक्सग इंडिया परिवार के पत्रकारों की आँखों में खुशी वव हौसले बुलंद थे। सभी का कहना था कि जमीन पर रिपोर्टिंग करते समय कई






बार धमकियां मिलती हैं, दबाव आता है। लेकिन एनएनआई जैसा मंच जब पीठ पर हाथ रखता है तो लगता है हमारी कलम व्यर्थ नहीं गई। ये सम्मान हमारी जिम्मेदारी दोगुनी कर देता है। जब समाज की आवाज बनते हैं तो डर अपने आप पीछे छूट जाता है। एनएनआई ने हमें मंच देकर साबित किया कि सच की कलम की कद्र होती है।

हम खबर नहीं बनाते, हम समाज का आईना दिखाते हैं। आज का सम्मान इस बात का प्रतीक है कि लोगों को अभी भी सच्ची पत्रकारिता पर भरोसा है।

अरविंद सिंह, प्रधान संपादक ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में मीडिया समाज का अहम अंग बन चुकी है। मीडिया के माध्यम से ही आम जनता को सरकार की योजनाओं से लेकर दिनभर की घटनाओं की जानकारी मिलती है। दिन-रात मेहनत कर खबरों को तराशने वाले खबरनवीसों के साहस को सलाम करने के लिए ही यह कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में न्यूज नेक्स्ट इण्डिया के निदेशकगणों में नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल (जॉली), प्रो. पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी के साथ अमित ग्वाला, ललित मल्होत्रा, मनीष चौधरी, अनुज, वरिष्ठ पत्रकार राहुल शर्मा, इरफान विशिष्ट अतिथि के तौर पर सम्मिलित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि न्यूज नेक्स्ट इंडिया आने वाले वर्षों में भी 'सत्य की कलम, असल की कलम' के सिद्धांत पर चलकर समाज को आईना दिखाता रहेगा।

# उटंगन पुल पर युवक ने दी जान देने की कोशिश

## राहगीरों की सूझबूझ से बची जिंदगी



एनएनआई

**पिनाहट** । घरेलू विवाद से परेशान एक युवक ने उटंगन नदी के पुल पर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। संयोगवश मौके से गुजर रहे राहगीरों की नजर युवक पर पड़ गई और उन्होंने तत्परता दिखाते हुए उसे फंदे से नीचे उतार लिया, जिससे उसकी जान बच गई। सूचना पर बसई अरेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान धीरज पुत्र रघुवर दयाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी लालपुरा थाना पिनाहट के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह के चलते मानसिक तनाव में होने की बात सामने आई है।

घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बसई अरेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रियांशु कुमार सिंह, उपनिरीक्षक छेदीलाल, उपनिरीक्षक हाकिम सिंह तथा हेड कांस्टेबल अमित कुमार भी मौजूद रहे। इस बीच सोशल मीडिया पर एक कथित सुसाइड नोट वायरल हो गया, जिसमें युवक ने कुछ लोगों का उल्लेख किया है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट की सत्यता और उसमें लिखे तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## डीसीपी ने कांवड़ मार्ग व चंबल घाट की सुरक्षा व्यवस्था परखी

एनएनआई

**पिनाहट**। सावन माह में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। गुरुवार को डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने पिनाहट क्षेत्र के चंबल घाट, कांवड़ मार्ग और थाना पिनाहट का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ एसीपी पिनाहट अनिल कुमार तथा थाना प्रभारी निरीक्षक वी.पी. गिरी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन का जायजा लिया। साथ ही चंबल घाट पर बंद पड़े स्टीमर के संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक समन्वय स्थापित कर समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाना पिनाहट पहुंचकर अभिलेखों, कार्यालय व्यवस्था और कानून-व्यवस्था से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। डीसीपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराई जाए।

## करंट लगने से महिला हुई बेहोश, एसएन में किया रेफर

**बाह** एनएनआई। कपड़ों पर प्रेस करते समय इस्त्री का बक्से में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला के बेहोश होने का मामला सामने आया है। खेडा राठौर के गुमानसिंह पुरा गांव में बृहस्पतिवार शाम 7.30 बजे मायाराम अपने घर में कपड़ों पर प्रेस कर रहा था। पास में ही लोहे का बक्सा रखा था। इस्त्री (प्रेस) करते समय उनकी पत्नी रामा देवी बक्से से सामान निकाल रही थी। इस्त्री के बक्से में उतरे करंट की चपेट में आने से वह चीख के साथ फर्स पर गिर कर बेहोश हो गई। घबराए परिजन आनन फानन में इलाज के लिए बाह सीएचसी पर ले पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एसएन मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## बिटिया, हमाई मदद कर दो...

### सरकारी अस्पताल में डिलीवरी के ले लिए पैसे




एनएनआई

**फतेहाबाद**। "बिटिया, हमाई मदद कर दो... सरकारी अस्पताल में डिलीवरी के हमसे पैसा ले लिए।" यह कहते-कहते वरीपुरा निवासी बुजुर्ग शीला देवी की आंखें भर आईं। गुरुवार को वह अपनी बहू अंजली, परिजन हरीशंकर और आशा कार्यकर्ता रेखा देवी के साथ एसडीएम स्वाती शर्मा के कार्यालय पहुंचीं और न्याय की गुहार लगाई।

परिजनों का आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद में डिलीवरी के बाद छुट्टी के समय स्टाफ नर्स ममता भदौरिया ने दो हजार रुपये की मांग की। उनका कहना है कि 1800 रुपये देने के बावजूद शेष 200 रुपये न मिलने पर डिस्चार्ज पर्चा और दवाएं देने से इनकार कर दिया गया। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।आशा कार्यकर्ता रेखा देवी ने भी स्टाफ नर्स पर रुपये मांगने और धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया। पीड़ित परिवार ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम स्वाती शर्मा ने जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान ने बताया कि शिकायत संज्ञान में है। जांच टीम गठित कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जननी सुरक्षा योजना का भुगतान लंबित मिलने पर सीएमओ सख्त

एनएनआई

**फतेहाबाद**। जननी सुरक्षा योजना के तहत पात्र महिलाओं को भुगतान में हो रही देरी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कर सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में समयबद्ध तरीके से राशि भेजने के निर्देश दिए। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद में आशा कार्यकत्रियों की बैठक लेकर योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान भुगतान की स्थिति की जानकारी ली गई तथा आशा कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया कि वे लाभार्थियों का समय पर पंजीकरण कराएं और सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराएं, ताकि किसी भी पात्र महिला का भुगतान लंबित न रहे।

बैठक के दौरान डॉ. श्रीवास्तव ने सीएचसी फतेहाबाद में संस्थागत प्रसवों की लगातार घट रही संख्या पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहले यहां संस्थागत प्रसवों की संख्या अधिक रहती थी, लेकिन पिछले कुछ समय से इसमें लगातार कमी आई है।

उन्होंने आशा कार्यकत्रियों से घर-घर संपर्क कर गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित प्रसव के लिए प्रेरित करने, नियमित फॉलोअप करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि संस्थागत प्रसवों की संख्या में वृद्धि हो सके। बैठक में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं आशा कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।



## दस्तक अभियान:घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

**मैनपुरी** एनएनआई। जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 11 से 31 जुलाई तक चल रहे 'दस्तक अभियान' के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक कर रही हैं। अभियान के दौरान घरों में डेंगू के लार्वा की जांच की जा रही है और जहां लार्वा मिलता है, वहां तत्काल सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई की जा रही है। ग्राम संसारपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) शिवानी चौहान ने दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं के कार्यों का पर्यवेक्षण करते हुए ग्रामीणों से फीडबैक लिया। राहुल दुबे के घर पर कूलर की जांच की गई, जहां डेंगू का लार्वा नहीं मिला।

## यूपीएससी में प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी बने डॉ. अमित का जोरदार स्वागत

एनएनआई

**बाह**। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद टीचर्स कॉलोनी बाह के सेवानिवृत्त सूबेदार धर्मपाल सिंह भदौरिया का बेटा डॉ. अमित भदौरिया को वेटनरी ऑफीसर (प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी) के पद पर नियुक्ति मिली है। नियुक्ति के बाद घर आए डॉ. अमित भदौरिया का नागरिक सम्मान किया गया। किसी ने फूल माला तो किसी ने पगड़ी पहनाई। सम्मान के दौरान डॉ. अमित भदौरिया ने अपनी मां मुन्नी देवी एवं पिता धर्मपाल सिंह भदौरिया के आशीर्वाद एवं पत्नी डॉ. नेहा राजावत, भाई राहुल भदौरिया, बहन नीलम, प्रियंका के मोटीवेशन का सफलता में महत्वपूर्ण योगदान बताया। सम्मानित करने वाले सैनिक समाज के रणवीर पचौरी, वीरेन्द्र सिंह भदौरिया, इंद्रजीत शर्मा, रामनिभोर भदौरिया, जोगेन्द्र सिंह, उमेश यादव, सर्वेश भदौरिया, पवन यादव, रवी यादव, देवेश तिवारी, रमेश यादव, पप्पू यादव प्रधान, शैतान सिंह प्रधान, विपिन यादव, राहुल दौनेरिया आदि ने उनकी उपलब्धि क्षेत्र और समाज का गौरव बढ़ाने वाली बताई।



## संपादकीय

# सड़कों पर युवा आक्रोश

प्रवेश परीक्षाओं की प्रणाली में सुधार और जवाबदेही तय करने का मुद्दा अब सड़क से ले संसद तक पहुंच गया है। नीट यूजी के पेपर लीक और सीबीएसई के 12वीं को बोर्ड परीक्षा की ऑनस्क्रीन मार्किंग में हुई समस्या के बाद से आंदोलित युवाओं का गुस्सा दिल्ली की सड़कों पर दिखा है। जंतर मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल ने छात्रों और युवाओं को अपना गुस्सा जाहिर करने का मौका दिया।सरकार में शायद किसी ने नहीं सोचा था कि जिस युवा वर्ग या आकांक्षी युवा वर्ग के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति एक समय इतना आकर्षण था वह कैसे सरकार के खिलाफ किसी प्रदर्शन का हिस्सा हो सकता है? सरकार को लग रहा था कि उसके खिलाफ कोई प्रदर्शन नहीं हो सकता है। इसी वजह से कॉकरोच जनता पार्टी और सोनम वांगचुक के प्रदर्शन को भी सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में ऐसे टूल्स विकसित कर लिए हैं, जिनसे हर आंदोलन की साख बिगाड़ी जा सकती है। किसान और पहलवान आंदोलन में उस टूल का इस्तेमाल हुआ। कहीं आंदोलनकारियों को खाप से जोड़ा गया तो कहीं खालिस्तानियों से। किसी आंदोलन को अर्बन नक्सल यानी उग्र वामपंथ का आंदोलन बताया गया तो किसी को सोरोस प्रायोजित यानी विदेशी साजिश बताया गया। विपक्ष की साख पहले बिगाड़ी जा चुकी है। इसलिए सरकार पूरे भरोसे में थी कि कम से कम अभी उसे जनता के किसी विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा। तभी उसने युवाओं के प्रदर्शन को कानून व्यवस्था की समस्या की तरह समझा और उसी तरह हैंडल करने का प्रयास किया। यह सच है कि देश का संविधान हर नागरिक को इजाजत देता है कि वह शासन-प्रशासन या किसी संस्था की नीतियों और निर्णयों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना असंतोष और मांग जाहिर कर सकता है। ऐसे में क्या वजह रही कि प्रदर्शन कर रहे युवाओं से संवाद के बजाय उनके खिलाफ बल प्रयोग करने को ही अंतिम विकल्प मान लिया गया! सवाल यह भी है कि क्या युवाओं को विभिन्न तरकीबों के जरिए प्रदर्शन से दूर रखने से उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा? प्रवेश परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, ह्यनीटह्न के दोबारा आयोजन और तीन-भाषा फॉर्मूले पर तकरार ने इस बात को लेकर गहरी चिंताएं पैदा कर दी हैं कि उच्च शिक्षा का संचालन सरकार बिना जवाबदेही के कर रही है। फिर भी, यह मानना गलती होगी कि यह गुस्सा केवल परीक्षाओं को लेकर है। लगातार बढ़ रहे ये विरोध-प्रदर्शन बेरोजगारी, ठहरे हुए वेतन और बढ़ती कीमतों से त्रस्त देश भर के युवाओं के व्यापक असंतोष की ठोस अभिव्यक्ति में बदल गये हैं। विरोध-प्रदर्शनों की इस तीव्रता का एक कारण यह भी है कि अगर चुनाव नजदीक न हों तो नरेन्द्र मोदी-नीत भाजपा सरकार सिविल सोसाइटी की वाजिब चिंताओं के निवारण को कोई तवज्जो नहीं देती है। पिछले 12 से ज्यादा वर्षों में, गलती सुधारने के कदम अक्सर चुनाव के समय उठाये गये हैं, न कि संसद सत्रों या जनता की बेचैनी के समय। क्या यह सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि प्रदर्शनकारी युवाओं की मांग पर विचार किया जाए और समाधान का कोई रास्ता निकाला जाए? यही नहीं, संसद में इस मुद्दे पर बने गतिरोध से जो कीमती समय बर्बाद हो रहा है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? संसद का काम जनहित से जुड़े मसलों पर मंथन कर उन्हें निर्णायक रूप देने का होता है, मगर जब सदन में कोई कामकाज ही नहीं होगा, तो फिर उसके मूल उद्देश्य की पूर्ति कैसे हो पाएगी।सत्ता पक्ष को जन असंतोष से निपटने के पुराने तौर-तरीकों से बाहर निकलना चाहिए। दिल्ली में युवाओं की जैसी अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी, वह संकेत है कि वो तौर-तरीके अब तेजी से असर खो रहे हैं। शिक्षा, अर्थव्यवस्था, एवं सामाजिक माहौल की परत-दर-परत दरकती ईंटों ने वो हालत पैदा की है, जिसमें छात्र-नौजवानों के सामने अवसरहीनता की विकट स्थिति खड़ी हुई है और उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय लगने लगा है। उसी से उपजी हताशा का प्रतीकात्मक विस्फोट दिल्ली की सड़कों पर हुआ। इसे समझने की जरूरत है।आज का युवा किसी पारंपरिक सिद्धांत से नहीं बंधा है और न पिछले चार दशक से देश की राजनीति को परिभाषित करने वाले जाति व धर्म के एजेंडे से बहुत प्रभावित है। अगर था भी तो आज मोहभंग की स्थिति है। ऐसे युवाओं से लड़ना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। सरकार को इनसे लड़ने की बजाय इस वास्तविकता को समझना होगा कि ये किसी विचारधारात्मक आंदोलन का नेतृत्व नहीं कर रहे हैं, बल्कि एक पीढ़ी के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, जो अपने भविष्य को लेकर आशंकित है। उसके अंदर व्यवस्था के प्रति अविश्वास बन गया है। वह इस बात से भी आक्रोशित है कि उसके सरोकारों की सुनवाई नहीं हो रही है। इससे पहले कि वह अपने आक्रोश की हिंसक अभिव्यक्ति का रास्ता चुने सरकार को पहल करनी चाहिए और शिक्षा व परीक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त करनी चाहिए। उससे पहले यह भी दिखना चाहिए कि सरकार युवाओं के सरोकारों के प्रति असंवेदनशील नहीं है।



# रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी के साथ कॉमनवेल्थ गेम्स का आगाज, लॉन बॉल्स में भारत की विजयी शुरूआत

**ग्लास्गो।** स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का शानदार आगाज रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। 74 देशों और क्षेत्रों के करीब 3,000 खिलाड़ियों ने पारंपरिक परेड ऑफ नेशंस में हिस्सा लिया। भारतीय दल की अगुआई ओलंपिक रजत पदक विजेता और दो बार की राष्ट्रमंडल चैंपियन मीराबाई चानू ने तिरंगा थामकर की, जबकि टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन भारत की पहली आधिकारिक सेरेमोनियल बैटन बेयरर बनीं। ग्लास्गो 2026 पहली बार ऐसा संस्करण है, जिसमें फ्लैग बेयरर और बैटन बेयरर की भूमिकाएं अलग-अलग रखी गई हैं।

स्कॉटिश रंग में रंगी ओपनिंग सेरेमनी

ओपनिंग सेरेमनी पूरी तरह स्कॉटलैंड की संस्कृति और संगीत को समर्पित रही। ग्रैमी नामित



सिंगर-गीतकार केटी टनस्टॉल और लोकप्रिय गायक टॉम वॉकर ने अपने शानदार प्रदर्शन से समां बांधा। इनके अलावा नीना नेसबिट, कैलम बीटी, नाथन इवांस, सेंट पीएचएनएक्स और इलेक्ट्रो-सेल्टिक जोड़ी वाल्टोस समेत कई स्कॉटिश कलाकारों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। समारोह का सबसे खास आकर्षण 74 राष्ट्रों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष सेरेमोनियल बैटनों का एक साथ प्रदर्शन रहा।

**लॉन बॉल्स में जीत के साथ भारत ने खोला खाताः** मैदान पर भारत के लिए पहला दिन शानदार रहा। महिला पेयर्स लॉन बॉल्स में रूपा रानी तिर्की और पिंकी की जोड़ी ने रोमांचक मुकाबले में माल्टा को टाई-ब्रेक में हराकर भारत का खाता खोला। भारतीय जोड़ी ने पहला सेट 7-1 से जीता, लेकिन माल्टा ने दूसरा सेट 4-3 से अपने नाम कर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। निर्णायक क्षणों में भारतीय खिलाड़ियों ने संयम दिखाया और जीत अपने नाम कर ली।

# पहले टी20 में चमके वैभव-मयंक

## भारत ने जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया

**हरारे।** 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के रिकॉर्डतोड़ अर्धशतक और तेज गेंदबाज मयंक यादव की शानदार वापसी की बदौलत भारत ने गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को सात विकेट से हरा दिया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की यह पहली जीत रही, जबकि इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त भी हासिल कर ली। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 20 ओवर में सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। जवाब में भारत ने 13.2 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।




126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और अभिषेक शर्मा केवल एक रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने आते ही मैच का रुख बदल दिया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर अपनाए और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर जमकर हमला बोला।

वैभव ने रिचर्ड एनगरावा और ब्लेसिंग मुजारबानी जैसे अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ शानदार शॉट लगाए। उन्होंने महज 19 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 50 रन ठोक दिए। उनका अर्धशतक सिर्फ 18 गेंदों में पूरा हुआ। अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद वह आउट हो गए, लेकिन तब तक मैच पूरी तरह भारत की पकड़ में आ चुका था। उनके आउट होने के बाद ईशान किशन ने 24 गेंदों में 35 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर 24 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत ने 40 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 15 साल और 118 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़कर वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पचास रन बनाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। उन्होंने जिब्राल्टर के लुई ब्रूस (16 वर्ष 56 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा। करीब 21 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अपनी वापसी को खास बना दिया। उन्होंने मैच की पहली ही गेंद पर ब्रायन बेनेट को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराकर भारत को शानदार शुरूआत दिलाई।

# अगले साल नौ जून से शुरू होगा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027 के फाइनल के आयोजन स्थल का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित टेस्ट मुकाबले का आयोजन 9 से 13 जून 2027 के बीच लंदन के ऐतिहासिक द ओवल मैदान पर होगा। यह दूसरी बार होगा जब द ओवल डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा।

इससे पहले 2023 में भी इसी मैदान पर डब्ल्यूटीसी फाइनल खेला गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर खिताब अपने नाम किया था। वहीं उद्घाटन डब्ल्यूटीसी फाइनल 2021 में साउथेम्प्टन में खेला गया था, जहां न्यूजीलैंड ने भारत को हराया था। 2025 का फाइनल लॉर्ड्स में हुआ था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को मात देकर पहली बार हळउ ट्रॉफी जीती थी। आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027 के फाइनल के लिए लंदन के द ओवल को मेजबान चुना है। मुकाबला नौ से 13 जून के बीच खेला जाएगा।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# दिल्ली विश्वविद्यालय की सलाह पर पूजा भट्ट ने जताई आपत्ति



अभिनेत्री एवं फिल्मकार पूजा भट्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय की उस सलाह पर आपत्ति जताई है, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों से जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शनों से दूर रहने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी बात रखने के लोकतांत्रिक अधिकार का सम्मान मिलना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय ने हाल ही में जारी अपनी सलाह में विद्यार्थियों और शिक्षकों से जंतर-मंतर क्षेत्र में आयोजित प्रतिबंधित सभाओं और प्रदर्शनों से दूर रहने को कहा था। विश्वविद्यालय का कहना है कि ऐसी गतिविधियों से व्यक्तिगत सुरक्षा प्रभावित हो सकती है और शैक्षणिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। साथ ही, भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहने की अपील भी की गई है। इस सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुए पूजा भट्ट ने सामाजिक माध्यम पर लिखा कि विद्यार्थियों की आवाज को दबाने के बजाय उनके विचार व्यक्त करने के अधिकार का समर्थन किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, युवाओं की सुरक्षा और भविष्य सुनिश्चित करने के लिए संवाद और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान आवश्यक है। राजधानी में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन जारी हैं। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं और कई शहरों में भी इसके समर्थन में गतिविधियां देखने को मिली हैं।



# 'लॉक अप २' के नए प्रोमो में हिना खान और शिल्पा शिंदे की नोकझोंक चर्चा में

चर्चित रियलिटी कार्यक्रम 'लॉक अप 2' के नए प्रोमो में अभिनेत्री हिना खान और शिल्पा शिंदे के बीच हुई नोकझोंक दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। कार्यक्रम में हिना खान और उर्फी जावेद विशेष अतिथि के रूप में नजर आएंगी। प्रोमो में हिना खान उन प्रतिभागियों से बातचीत करती दिखाई देती हैं, जो इस सप्ताह बाहर होने के खतरे का सामना कर रहे हैं। इसी दौरान शिल्पा शिंदे के खेल और रणनीति को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में कई टिप्पणियां की जाती हैं, जिनका शिल्पा मुस्कुराते हुए जवाब देती नजर आती हैं। कार्यक्रम के एक अन्य दृश्य में प्रतिभागियों से सबसे मजबूत खिलाड़ी के बारे में पूछा जाता है। बातचीत के दौरान कई प्रतिभागी शिल्पा शिंदे का नाम लेते हैं। इसके बाद हिना खान भी हास्यपूर्ण अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया देती हैं। वहीं शिल्पा आत्मविश्वास के साथ कहती हैं कि उन्हें अपने खेल पर पूरा भरोसा है। प्रोमो में आगे हिना खान प्रतिभागियों को अपनी रणनीति मजबूत करने की सलाह देती दिखाई देती हैं। इस दौरान उनके और शिल्पा शिंदे के बीच हुई बातचीत ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। गौरतलब है कि हिना खान और शिल्पा शिंदे के बीच प्रतिस्पर्धा की शुरूआत रियलिटी कार्यक्रम 'बिग बॉस 11' से हुई थी। उस सत्र में दोनों प्रतिभागियों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद देखने को मिले थे। वर्षों बाद भी दोनों के बीच की प्रतिस्पर्धा समय-समय पर चर्चा का विषय बनती रही है।



# 'रामायण' सही उद्देश्य के साथ बनाई जा रही है : यश

अभिनेता यश ने आगामी फिल्म 'रामायण' को लेकर कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सबसे बड़ी ताकत इसके पीछे की सकारात्मक सोच और उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जब किसी कहानी को सही नीयत और समर्पित टीम के साथ प्रस्तुत किया जाता है, तो परिणाम भी प्रभावशाली होता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिल्म का प्रतिनिधित्व करते हुए यश ने कहा कि 'रामायण' जैसी कालजयी कथा को बड़े पर्दे पर उतारना आसान नहीं था। उन्होंने बताया कि निर्माण के दौरान तकनीकी स्तर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें वेशभूषा, रूप-सज्जा और पात्रों के स्वरूप को विश्वसनीय बनाना प्रमुख था। यश ने कहा कि पूरी टीम का प्रयास रहा है कि इस महान कथा को



उसकी मूल भावना के अनुरूप दर्शकों तक पहुंचाया जाए। उनके अनुसार, फिल्म निर्माण का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक ऐसी कहानी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है, जिससे लोग भावनात्मक रूप से जुड़ सकें। निर्देशक नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस दो-भागीय फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता और रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा की भूमिका में दिखाई देंगी। निर्माताओं के अनुसार फिल्म का पहला भाग दीपावली 2026 और दूसरा भाग दीपावली 2027 में प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा यश की अगली फिल्म 'टॉक्सिक' भी जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# गुरु पूर्णिमा पर 101 कला गुरुओं का सम्मान करेगी संस्कार भारती

एनएनआई

**आगरा।** गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय कलाओं, संस्कृति तथा ज्ञान की वैश्विक पहचान रही है। यह सिलसिला यूँ ही चलता रहे, इस मनोभाव से संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ब्रज प्रांत द्वारा संस्कार भारती, जिला आगरा के तत्वावधान में 26 जुलाई, रविवार को दोपहर 1:30 बजे से बल्केश्वर स्थित सेंट एंड्रयूज स्कूल के वातानुकूलित सभागार में नटराज पूजन सँग 101 कला गुरुओं का सम्मान किया जाएगा..

यूथ हॉस्टल में उक्त जानकारी प्रदान करते हुए समाजसेवी आयोजकों द्वारा जन जागरूकता के लिए समारोह का आकर्षक आमंत्रण पत्र विमोचन करके जारी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी व संस्कार भारती के पूर्व अखिल भारतीय साहित्य संयोजक राज बहादुर



सिंह राज और प्रांतीय संयोजक व प्रांतीय कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह चौहान, ज्योति खंडेलवाल, वीरा सक्सेना और रोशनी गिडवानी के निर्देशन में 100 उभरते कलाकार गुरु वंदना, गुरु स्तुति और सरस्वती वंदना सहित भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। इन कार्यक्रमों द्वारा कला गुरुओं और कला साधकों के मध्य स्नेह, सम्मान और संवाद का सेतु बनाने का प्रयास रहेगा। जिलाध्यक्ष राम अवतार यादव और जिला महामंत्री यतेन्द्र सोलंकी ने बताया कि यह वृहद आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर संघ शताब्दी वर्ष मनाते हुए संस्कार भारती के आराध्य कलाओं के आदि गुरु नटराज के पूजन के साथ आरंभ होगा जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि, राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र मुख्य वक्ता, समाजसेवी भूप सिंह इंदौलिया समारोह-अध्यक्ष और सेंट एंड्रयूज शिक्षा समूह के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. गिरधर शर्मा स्वागताध्यक्ष की भूमिका का निर्वाह करेंगे।

उन्होंने बताया कि समाज सेवी अधिवक्ता अमित जैन, पवन गुप्ता कैटर्स, मनीष अग्रवाल पायल वाले और अमित अग्रवाल विशिष्ट अतिथि की भूमिका का निर्वाह करेंगे। क्षेत्रीय विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, संस्कार भारती के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य बांकेलाल गौड़, त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय कुमार, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चंद्र अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष संजय गोयल, प्रांतीय महामंत्री नंदनंदन गर्ग, प्रांतीय संरक्षक एसके मिश्रा, रामकुमार अग्रवाल और जिला संरक्षक डॉ. पंकज नगायच का भी सान्निध्य रहेगा।

पोस्टर विमोचन के दौरान प्रांतीय मंत्री डॉ. मनोज पचौरी, प्रांतीय साहित्य संयोजक डॉ. केशव शर्मा, प्रांतीय प्रचार प्रसार प्रमुख इंजी. प्रखर अवस्थी, पवन कैटर्स, रक्षपाल सिंह परमार, संजय बघेल, डॉ. ममता बंसल, श्रीकृष्ण, राकेश निर्मल, अखिलेश श्रीवास्तव और संदीप जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान के प्रति किया जागरूक



एनएनआई

**आगरा।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विकास खंड अकोला के प्राथमिक विद्यालय खेड़िया के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा के प्रति जनजागरण का संदेश दिया। रैली के दौरान बच्चों ने विभिन्न स्थानों पर आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अभिभावकों से अपने बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूजा शर्मा द्वारा नुक्कड़ नाटक का लेखन एवं निर्देशन किया गया। बच्चों ने अपने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से शिक्षा के महत्व, बालिका शिक्षा, नियमित उपस्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान रामकुमार तथा पूर्व ग्राम प्रधान हरदौल सिंह ने विद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## रविन्द्र कौर के नेत्रदान से दो अंधकारमय जिन्दगीयां होगी रोशन

**आगरा एनएनआई।** कर्मयोगी, कमलानगर निवासिनी श्रीमती रविन्द्र कौर (70) धर्मपत्नी मंगल राम साहनी का देर रात निधन हो जाने पर उनके परिजनों ने श्री बजाजा कमेटी के मैनेजर प्रवीण शर्मा से नेत्रदान प्रकिया पूरी कराने के लिए संपर्क किया। सूचना पर क्षेत्र बजाजा कमेटी के सहयोग से एसएन की आई बैंक इंचार्ज डा.शेफाली मजूमदार के निर्देशन में ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा व डाक्टर टीम द्वारा नेत्रदान प्रकिया पूरी कराई गई।





## सेंट कॉनरेड्स में शुरू हुआ रीजनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट, 35 टीमें ले रहीं भाग

**आगरा एनएनआई।** सेंट कॉनरेड्स इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय रीजनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट (बॉयज) का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डेविड, प्राचार्य, सेंट जूड्स स्कूल गोरखपुर एवं रीजनल सेक्रेटरी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. हरि सिंह, सचिव, आगरा बास्केटबॉल एसोसिएशन एवं उपाध्यक्ष, बास्केटबॉल उत्तर प्रदेश रहे। टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 35 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में अगले तीन दिनों तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर अक्षय जरमाया भी उपस्थित रहे।

## आप ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**आगरा एनएनआई।** आम आदमी पार्टी महानगर आगरा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा बोदला पर माल्यार्पण कर अपने प्रदर्शन का प्रारंभ किया। इस धरने में डेढ़ सौ से ज्यादा बार पेपर लीक सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग करी गई।

कपिल बाजपेई पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा पहले यूजीसी और फिर पेपर लीक जैसे विषय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार जो लोग राम मंदिर में चोरी कर लेते हैं वह पेपर क्या रोक पाएंगे ऐसे मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कपिल बाजपेई, रामसेवक ढाकरे, आलोक दीक्षित, शाहरुख, रमाकांत प्रजापति, रितिक सिंह, बिट्टू पंडित,रवि गोयल ,आसिफ नवाब मुरली बाबा, तरुण भार्गव ,किशोर कुमार, ऋषिकांत, सुरेश अनीता सिंह कुसुम लता मंजू देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# 37वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्र करेगा हार्डी बम कांड के महानायक स्व. रोशन लाल सूतैल का पुण्य स्मरण

- 25 जुलाई को माथुर वैश्य सभागार में होगा श्रद्धांजलि समारोह, स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान पर होगा विशेष विमर्श

**आगरा एनएनआई।** हार्डी बम कांड के महानायक, प्रखर क्रांतिकारी एवं वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रोशन लाल सूतैल की 37 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर 25 जुलाई (शनिवार) को सायं 3:30 बजे माथुर वैश्य सभागार, पंचकुईया में श्रद्धांजलि एवं पुण्य स्मरण समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन क्रांतिकारी 'रोशन लाल सूतैल' स्मृति समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के संयोजक बृजेश कुमार सूतैल एवं सुमन सूतैल ने सभी नागरिकों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, इतिहासकारों एवं सामाजिक संगठनों से समारोह में शामिल होकर राष्ट्रनायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है।

**नूरी दरवाजा बना था क्रांतिकारियों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र**

स्वर्गीय रोशन लाल सूतैल का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन जांबाज क्रांतिकारियों में लिया जाता है, जिन्होंने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आगरा का नूरी दरवाजा क्षेत्र क्रांतिकारी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा, जहां दोमंजिला भवन में क्रांतिकारियों द्वारा बम तैयार किए जाते थे। इसी भवन में शहीद-ए-आजम भगत सिंह अज्ञातवास के दौरान रहे और बम निर्माण का प्रशिक्षण लिया। यहीं तैयार किए गए



बम का प्रयोग 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय विधानसभा में अंग्रेजों के दमनकारी कानूनों के विरोध में किया गया, जिसने पूरे देश में क्रांति की नई चेतना जगा दी।

**किशोरावस्था से ही राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प**

20 जुलाई 1916 को आगरा जनपद की किरावली तहसील के नगला रामपुर (ग्राम बवरोद) में जन्मे रोशन लाल सूतैल ने कम आयु में ही स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी शुरू कर दी। वर्ष 1930 में वे बाल भारत सभा से जुड़े और क्रांतिकारियों के संपर्क में आए। वर्ष 1934 में हथियार खरीदते समय गिरफ्तार हुए, लेकिन रिहाई के बाद भी उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों, मजदूर आंदोलनों और कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई।

**हार्डी बम कांड में निभाई ऐतिहासिक भूमिका**

वर्ष 1940 में आगरा की ऐतिहासिक राम बारात के दौरान तत्कालीन अंग्रेज जिलाधिकारी हार्डी पर हुए बम हमले के मामले में रोशन लाल सूतैल को अन्य क्रांतिकारियों के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्हें आगरा केंद्रीय कारागार और बाद में फतेहगढ़ केंद्रीय जेल में वर्षों तक कठोर कारावास झेलना पड़ा, जिसमें वे छह माह काल कोठरी में भी रहे। 9 जनवरी 1945 को रिहा होने के बाद भी उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनजागरण का कार्य निरंतर जारी रखा।

**स्वतंत्रता के बाद भी समाज सेवा में रहे अग्रणी**

आजादी के बाद रोशन लाल सूतैल ने सार्वजनिक जीवन में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। वे वर्ष 1952 से 1980 तक शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, 1953 से 1957 तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे। इसके अलावा उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समिति के महामंत्री एवं बाद में अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार कार्य किया। मजदूर संगठनों, कांग्रेस सेवा दल और इंटक के माध्यम से उन्होंने श्रमिकों और गरीब वर्ग के हितों की आवाज बुलंद की।

**नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा पुण्य स्मरण समारोह**

स्मृति समिति के संयोजकों ने कहा कि स्वर्गीय रोशन लाल सूतैल का जीवन त्याग, साहस, राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है। उनकी 37 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित यह समारोह युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और क्रांतिकारियों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्र के इस महान सपूत को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
आगरा

# श्याम प्यारे से जिसका सम्बंध है, उसको हर घड़ी आनन्द ही आनन्द है...

- फतेहाबाद रोड, राजदेवम में श्रीश्याम परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा

एनएनआई



आगरा। सत्य वह है जो कभी न बदले। हर परिस्थिति में अडिग रहे। और ऐसा सिर्फ ईश्वर है। संसार दिखता है मगर झूठा है। ईश्वर दिखते नहीं परन्तु सत्य है। हमेशा सत्य (ईश्वर) का आसरा ले जो धोखा न दे और साथ न छोड़े। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम श्लोक में ही वेद व्यास जी ने ईश्वर के तीन स्वरूप बताए हैं। सत्य, चित्त और आनन्द। असली आनन्द वह है जो जीवन भर रहे। गृहस्थ जीवन में हैं तो जीवन के सभी आनन्द लो परन्तु ईश्वर को मत भूलो। ईश्वर से प्रेम वो आनन्द है जो सिर्फ ईश्वर के पास होने पर भी खुश रखता है। अन्यथा व्यक्ति सोना चांदी और हाजरों की भीड़ में बी खुख नहीं। फतेहाबाद रोड स्थित राजदेवम में श्रीश्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पूज्य श्रीजया किशोरी ने व्यास पीठ पर बैठकर मृतमयी कथा का पान करवाया। गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो..., श्याम प्यारे से जिसका सम्बंध है, उसे हर घड़ी आनन्द ही आनन्द है..., पार्वती बोली भोले से ऐसा महल बना देना, जो भी देखे वो बोले क्या कहना भई क्या कहना... जैसे भजनों पर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन झूमे तो भक्ति और श्रद्धा की गंगा बहती नजर यी। कहा कि सबसे कीमती प्रेम है। सोना चांदी, महंगी चीजें जो सबके पास हों कीमती नहीं हो सकती। कीमती वह है जो किसी के पास न हो। परन्तु कीमत उस प्रेम की है जो बार बार न बदले और जिसमें स्वार्थ न हो। नारी शक्ति पर बोलते हुए कहा कि समझदार महिला वह है जिसे पता हो कि कब उसे लक्ष्मी बनना है, कब सरस्वती और कब दुर्गा और काली। परन्तु गलत समय पर इन रूपों का अनुसरण भी दिक्कत पैदा कर सकता है। बच्चियों के मन में कमजोरी का भाव पैदा न करें। आरती कर सबी भक्तों को प्रासद वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता, राधा गुप्ता, आयोजन समिति के विकास मांगलिक, अनिल कुमार गुप्ता, विनीत मांगलिक, ऋषिक मांगलिक, अर्पित गुप्ता, आलोक अग्रवाल, संजय गुप्ता, मीतेश मित्तल, ऋषभ प्रताप, मोंटू भार्गव, संतोष शर्मा, रेखा गुप्ता, जयश्री मांगलिक, अंजू मांगलिक, तनु मांगलिक, आकांक्षा गुप्ता, अनीता गुप्ता, साक्षी गुप्ता, अर्चना गुप्ता, रेनू आदि उपस्थित थीं।

# व्यापारियों से पार्सल व्यवसाय को बढ़ाने के लिए की चर्चा



आगरा (एनएनआई)। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के निर्देशन में एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता के नेतृत्व व सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) संजय गौतम के मार्गदर्शन में आगरा किला स्टेशन से पार्सल यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगरा किला पार्सल कार्यालय में स्थानीय व्यापारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों से पार्सल व्यवसाय को बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों द्वारा पार्सल बुकिंग एवं परिवहन से संबंधित सुझाव एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया गया। व्यापारियों को भारतीय रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही पार्सल सेवाओं, उनकी विशेषताओं एवं सुविधाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक पार्सल यातायात रेलवे के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पार्सल व्यवसाय को बढ़ाने हेतु रेलवे एवं व्यापारियों के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

# रोग नियंत्रण व रोकथाम को लेकर तीन दिवसीय ट्रेनिंग का हुआ समापन

- एमएसयू आगरा व शिमला की टीम ने किया प्रतिभाग
- एनसीडीसी दिल्ली व स्टेट सर्विलांस ऑफिस लखनऊ से आए विशेषज्ञ



आगरा (एनएनआई)। नगर निगम आगरा के अंतर्गत मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट(एमएसयू) आगरा की तीन दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग का समापन बुधवार को होटल क्रिस्टल इन फतेहाबाद रोड आगरा में किया गया। ट्रेनिंग में विभिन्न बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण को लेकर चर्चा हुई। इस इंडक्शन ट्रेनिंग में एमएसयू आगरा व एमएसयू शिमला ने प्रतिभाग किया। ट्रेनिंग में में आईडीएसपी रोगों, आउटब्रेक इंवेस्टिगेशन एंड वन हेल्थ अप्रोच विषय पर चर्चा की गई। इसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र दिल्ली की जॉइंट डायरेक्टर डा. शुभांगी कुलसागे व अन्य ट्रेनर ने एमएसयू आगरा व शिमला की टीम को जानकारी देते हुए समझाया कि किस प्रकार बीमारियों का सर्विलांस किया जाता है। लखनऊ के स्टेट सर्विलांस ऑफिस से डॉ. निशांत भारद्वाज ने एमएसयू की टीम को सर्विलांस के बारे में अवगत कराया। इंडक्शन ट्रेनिंग की अध्यक्षता नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव वर्मा ने की। समापन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव, वन विभाग से जिला वन अधिकारी राकेश कुमार मीणा, कृषि विभाग से सचिन शर्मा, आपदा विभाग से शिवम कुमार, वेटरिनरी विभाग से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एयरपोर्ट अथॉरिटी से मुख्य ऑपरेशन अधिकारी, खाद्य विभाग से चंद्र विजय सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुलदीप भारद्वाज, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा. अमृता व जिला महिला चिकित्सालय से डॉ. सुनीता राठौर उपस्थित रहे। एमएसयू आगरा से डॉ. महिमा चतुर्वेदी, डॉ. राम विपुल शर्मा व पूरी एमएसयू टीम व एमएसयू शिमला से डॉ. अश्वनी व एमएसयू शिमला की पूरी टीम उपस्थित रही।

# भक्तामर महाअर्चना महोत्सव-उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**मंदिर परिसर भक्तामर स्तोत्र,मंगलाचरण एवं जिनेन्द्र भक्ति से गुंजायमान रहा**



आगरा (एनएनआई)। आचार्य श्री विशुद्ध सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य युवा श्रुत संवाहक श्रमण रत्न मुनि समत्व सागर मुनिराज ससंघ के पावन सानिध्य में गुरुवार को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, ओल्ड ईदगाह कॉलोनी में महा मस्तकाभिषेक एवं भक्तामर महाअर्चना महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रातःकाल सौभाग्य शाली भक्तों द्वारा पार्श्वनाथ भगवान की अतिप्राचीन प्रतिमा का कलशों से संगीतमय महामस्तकाभिषेक किया गयोतथा संगीतमय श्री भक्तामर महा अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त युवा विद्वान एवं विधानाचार्य कवि हृदय विकर्ष शास्त्री ने अपने मधुर संगीत एवं भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ विधान संपन्न कराया।मंदिर परिसर भक्तामर स्तोत्र,मंगलाचरण एवं जिनेन्द्र भक्ति से गुंजायमान रहा। सकल दिगंबर जैन महिला समाज, ओल्ड ईदगाह कॉलोनी के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में समाज के विभिन्न वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।इस अवसर पर अपने मंगल प्रवचनों में मुनिश्री समत्व सागर जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक सौंदर्य धर्म,संयम और सदाचार में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान जिनेंद्र की आराधना केवल अनुष्ठानों तक सीमित न रहकर जीवन में आत्मचिंतन, करुणा, क्षमा और त्याग के रूप में दिखाई देनी चाहिए।मुनिश्री ने कहा कि भक्तामर स्तोत्र की आराधना श्रद्धा और एकाग्रता के साथ करने से आत्मबल की वृद्धि होती है तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से क्रोध,मान,माया और लोभ जैसे कषायों का त्याग कर आत्म कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# यूपी टी२० लीग का अगस्त में होगा चौथा सीजन शुरू

- यूपी टी 20 लीग ऑक्शन के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता आयोजित की गई

एनएनआई



आगरा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट को आईपीएल स्तर का नया मंच देने के लिए यूपी टी20 लीग का चौथा सीजन शुरू होने जा रहा है। लीग की शुरूआत 14 अगस्त को लखनऊ के इकाना स्टेडियम से होगी और फाइनल मैच छह सितंबर को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। प्रेस कान्फ्रेंस में यूपी टी20 लीग के चेयरमैन डा. संजय कपूर ने जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि लीग मुख्य रूप से लखनऊ और कानपुर में खेली जाएगी। इसके बाद फॉर्मेट बदलकर दूसरे शहरों में भी मैच कराए जाएंगे। पूरा आयोजन आइपीएल की तर्ज पर होगा, जिससे दर्शकों को आइपीएल जैसा अनुभव मिलेगा। लीग के लिए शुक्रवार लगने वाली बोली में आक्शनर अंगद बेदी होंगे। इसमें 250 खिलाड़ियों से अधिक पर बोली लगेगी। 10 खिलाड़ी पांच लाख रुपये में, 45 खिलाड़ी साढ़े तीन लाख रुपये में और बाकी खिलाड़ी ढाई लाख रुपये में फ्रेंचाइजी खरीदेंगी। विभिन्न टीमों के पास पर्स में भी पर्याप्त बैलेंस है। जिसमें गोरखपुर लायंस के पास 55.90 लाख रुपये, नोएडा सुपर किंग्स के पास 80.60 लाख रुपये, मेरठ मावरिक्स के पास 28.70 लाख रुपये, लखनऊ फाल्कंस के पास 30.20 लाख रुपये, काशी रुद्रास के पास 47.15 लाख रुपये और कानपुर सुपरस्टार्स के पास 60 लाख रुपये हैं। संजय कपूर ने बताया यूपी टी20 लीग के तरह जल्द ही महिला लीग भी शुरू की जाएगी और इसकी तैयारी चल रही है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मांग को लेकर जनमंच का प्रदर्शन

आगरा (एनएनआई)। पृथक पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य के गठन की मांग को लेकर जनमंच के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सिविल कोर्ट परिसर से चौधरी चरण सिंह प्रतिमा स्थल तक जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज का भी विरोध किया गया। कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाते हुए केंद्र सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। जनमंच के पदाधिकारियों ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश लंबे समय से अलग राज्य की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से आगामी मानसून सत्र में पृथक पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य के गठन का प्रस्ताव लाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान कुछ समय के लिए कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई, हालांकि स्थिति नियंत्रण में रही।

